646
8/10/12

खण्ड : 4 संख्या : 6

# दशम् बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(चतुर्थ सत्र)

(भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

सत्यमेव जयते

बुधवार, दिनांक : **20 मार्च 1991** ई०

## सड़क का पक्कीकरण

**सामु-42. श्री कृष्णा प्रसाद :** क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ 31 से भदोखरा ग्राम तक एक पक्की सड़क वित्तीय वर्ष 1985-86 तथा 1988-89 में बनी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के प्रारंभ में ही एक कि० मी० कच्ची छोड़ दिया गया है फलस्वरूप उक्त सड़क से आवागमन में असुविधा होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सड़क के कच्ची भाग का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, और नहीं, तो क्यों?

**प्रभारी मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग :** (1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(3) छुटे हुए भाग की स्वीकृति नहीं है। निधि के अभाव में पक्कीकरण संभव नहीं है।

---

## श्री पाण्डेय का स्थानान्तरण

**क-11. श्री कृष्ण वल्लभ प्रसाद :** क्या मंत्री, श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि विश्वनाथ पांडेय, इंस्ट्रक्टर, आई० टी० आई० मढ़ौरा (सारण) में पदस्थापित हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि श्री पांडेय की 25-30 वर्षों की सेवा अवधि में इनका स्थानान्तरण ज्यादातर अवधि आई० टी० आई०, मढ़ौरा (सारण) से आई० टी० आई० मढ़ौरा (सारण) में ही किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि इनका गृह जिला छपरा पड़ता है और मढ़ौरा आई० टी० आई० इनके घर से 6 किलो मीटर की दूरी पर है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार श्री पांडेय का स्थानान्तरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक और नहीं तो क्यों?

**प्रभारी मंत्री, श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग :** (1) वस्तुस्थिति यह है कि श्री विश्वनाथ पांडेय को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मढ़ौरा में मुख्य अनुदेशक के पद पर दिसम्बर, 1989 में एक वर्ष के लिए पदस्थापित किया गया है।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि श्री पांडेय की प्रथम नियुक्ति अनुदेशक के पद पर 1960 में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, दीघा में हुई थी। उसके बाद उनका स्थानान्तरण क्रमशः औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मढ़ौरा/मोतिहारी/हथुआ/मढ़ौरा/मोतिहारी एवं मढ़ौरा किया गया।

(3) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(4) वस्तुस्थिति यह है कि श्री पांडेय के भाई, जो भारतीय सेवा में भर्त्ती हैं, उनके अनुरोध एवं उनके कर्नल की अनुशंसा पर उनकी कठिनाईयों को देखते हुए श्री पांडेय का पदस्थापन दिसम्बर, 1990 तक के लिये औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मढ़ौरा में किया गया। यह अवधि पूरी होने पर नियमानुसार श्री पांडेय के स्थानान्तरण पर विचार किया जायेगा।

---

## पुल का निर्माण

**सामु-27. श्री केदारनाथ प्रसाद : क्या मंत्री, ग्रा० वि० वि०, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—**

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत लालगंज प्रखंड के हांसी मलाही, किरतपुर, सहथा, पूरखैली, कुशादे, रसुलपुर, बिलनपुर एवं पातेपुर भटौलिया के गाँव में जानेवाली मुख्य मार्गों में पुल नहीं रहने के कारण वर्षा ऋतु में एक गांव से दूसरे गांव में आना-जाना एकदम अवरुद्ध हो जाता है?

(2) यदि उपर्युक्त खंड के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार प्राथमिकी के आधार पर उक्त गाँव के मार्ग में छोटा-छोटा पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक?

**प्रभारी मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग** : हांसी, मलाही, कितरपुर, सहथा एवं परखौली गांव क्रमशः ग्रा० सं० के पकड़ी इमाद्पुर लालगंज भगवानपुर, सिरसा प्रतापटांड एवं टोटहा-सहदुलल्हपुर